JP GROUP OF EDUATION

B.Ed. LESSON PLAN 2025-27

जे.पी. कॉलेज के प्रशिक्षुओं को स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु हरी झंडी दिखाकर विदा किया गया।

दिनांक 15.04.2026 दिन बुधवार को जे.पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय एवं जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के बी.एड. सत्र 2025–27 प्रथम वर्ष के प्रशिक्षुओं को पाठ–योजना के अर्न्तगत स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु जे.पी. ग्रुप के सचिव श्री शैलेश कुमार एवं प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस. दिवाकर, जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन के प्राचार्य डॉ0 संजय कुमार, जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ0 पुनीत कुमार शुक्ला, विभागाध्यक्ष डॉ0 राजीव रंजन के द्वारा शुभकामनाओं के साथ हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

विदित हो कि जे.पी. ग्रुप के अर्न्तगत संचालित जे.पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय तथा जे.पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन इस जिले ही नहीं बल्कि पूरे राज्य में अव्वल स्थान रखता है। यहाँ से प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षु देश के विभिन्न भागों में शिक्षक बनकर न केवल अपना जीवन यापन कर रहे हैं बल्कि समाज सेवा भी कर रहे हैं।

ज्ञातव्य हो कि बी.एड. पाठ्यक्रम में प्रशिक्षुओं को प्रथम वर्ष में 4 सप्ताह के स्थलबद्ध प्रशिक्षण हेतु विभिन्न उच्च विद्यालयों में जाना होता है जहाँ ये प्रशिक्षु वास्तविक स्थिति में प्रशिक्षण प्राप्त करते है।

इस अवसर पर महाविद्यालय के व्याख्यातागण श्रीमति संयीता कुमारी, डॉ0. अभिषेक कुमार, डॉ0 राजीव रंजन, श्रीमति वन्दना कुमारी, डॉ0 राजेश कुमार यादव, डॉ0 कुमार आदित्य मनोहर इत्यादि ने प्रशिक्षुओं को स्थलबद्ध प्रशिक्षण की महत्ता के बारे में विस्तार से बताते हुए उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदा किया।

भवदीय

16/04/26